लखनऊ विश्वविद्यालय
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

# University in News on 29 December 2022

## JAGRAN CITY PAGE III

### पीएचडी कोर्स वर्क के लिए पहली फीस की नहीं करनी पड़ेगी प्रतीक्षा

अखिल सक्सेना • लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय से पीएचडी करने के लिए आने वाले विदेशी छात्र-छात्राओं को बड़ी राहत मिल गई है। अब उन्हें पीएचडी कोर्स वर्क शुरू करने के लिए केंद्र सरकार से पहली फीस आने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वह जिस दिन विश्वविद्यालय में रिपोर्ट करेंगे, उसी दिन से उनकी पीएचडी की पढ़ाई शुरू मानी जाएगी। विश्वविद्यालय ने पीएचडी अध्यादेश-2020 में संशोधन करते हुए इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।



लवि में हर साल बड़ी संख्या में विदेशी छात्र-छात्राएं स्नातक, परास्नातक और पीएचडी कोर्सों में प्रवेश के लिए आते हैं। इनमें पीएचडी विद्यार्थियों की संख्या 30 से 35 होती है। विश्वविद्यालय की ओर से इनका प्रवेश होने के बाद भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आइसीसीआर) के पोर्टल पर विवरण अपलोड कर दिया जाता है।

**इसलिए होती थी समस्या :** केंद्र सरकार विदेशी छात्र-छात्राओं की फीस विश्वविद्यालय को भेजती है। कई बार इसमें काफी विलंब भी हो जाता है, जिसकी वजह से विदेशी छात्र-छात्राओं का पीएचडी कोर्स वर्क शुरू नहीं हो पाता था। छात्रों को काफी इंतजार करना पड़ता है, जिससे कोर्स वर्क लेट होता है। अब लवि ने इस समस्या का समाधान कर दिया है। अब जिस दिन पीएचडी के लिए विदेशी छात्र-छात्राएं कैंपस में रिपोर्टिंग करेंगे, उसी दिन से उनकी पीएचडी की पढ़ाई शुरू मानी जाएगी, शुल्क चाहे बाद में ही आए।

**पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विषय में रुचि :** इस बार करीब 35 विदेशी विद्यार्थी पीएचडी में प्रवेश के लिए आए हैं। इनमें पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, एमबीए उनकी खास पसंद बनी है। विभाग के हेड प्रो. मनोज दीक्षित ने बताया कि पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विषय में पीएचडी के लिए अफगानिस्तान के नौ छात्र आए हैं।

> अभी तक जो भी विदेशी छात्र-छात्राएं पीएचडी के लिए आते हैं, उनकी पढ़ाई केंद्र सरकार से पहली फीस आने के बाद शुरू होती है। कई बार फीस लेट होने से कोर्स वर्क नहीं शुरू हो पाता था। अब पीएचडी अध्यादेश में संशोधन कर दिया गया कि जिस दिन वह रिपोर्टिंग करेंगे, उसी दिन से पीएचडी की पढ़ाई शुरू होगी।
>
> **- संजय मेधावी**, कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय

### लवि : पीएचडी प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में नियमित पीएचडी पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई। अभ्यर्थी 16 जनवरी तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके विस्तृत निर्देश वेबसाइट पर जारी किए गए हैं।

पीएचडी में आवेदन के लिए ईडब्ल्यूएस कोटे के अभ्यर्थियों को एक जनवरी या उसके बाद का प्रमाण पत्र लाना होगा। इसके पहले का प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा। आवेदन के समय यदि कोई समस्या हो तो lu.support@otpl.co.in पर ई-मेल कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को आनलाइन आवेदन पत्र भरते समय आय प्रमाण पत्र की संदर्भ संख्या दर्ज करनी होगी। इसके साथ ही सर्टिफिकेट 'अपलोड डाक्यूमेंट पेज पर अपलोड करना होगा। एससी और एसटी श्रेणी के आवेदक जो शून्य शुल्क का लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें इसके लिए प्रदान की गई जगह में आय प्रमाण पत्र संख्या का उल्लेख करना आवश्यक होगा। यदि उनके पास वर्तमान प्रमाण पत्र नहीं है तो वे पुराने प्रमाण पत्र की संख्या या पावती संख्या दर्ज करके आवेदन फार्म भरने की सुविधा दी गई है। वह बाद में प्रमाण पत्र दे सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों के पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध आय प्रमाण पत्र नहीं है, उन्हें प्रवेश के समय शून्य शुल्क का लाभ नहीं दिया जाएगा।

### दो तक कालेजों को अनिवार्य रूप से देना होगा छात्रवृत्ति का डाटा

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय से जुड़े कालेजों को दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति-2022-23 के लिए मास्टर डाटा की हार्ड कापी दो जनवरी तक विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी।

कुलसचिव संजय मेधावी की ओर से कहा गया है कि महाविद्यालय स्तर से मास्टर डाटा भरने की प्रक्रिया पूरी करने के बाद इस डाटा को विश्वविद्यालय से अग्रसारित करवाना होगा। वहां से यह डाटा समाज कल्याण विभाग में भेजा जाएगा। इसलिए मास्टर डाटा का प्रिंटआउट भेजना जरूरी है। निर्धारित तिथि के बाद मास्टर डाटा अग्रसारित नहीं किया जाएगा, जिसके लिए कालेज स्वयं उत्तरदायी होंगे।

**छात्रवृति के काउंटर बंद, छात्र परेशान:** लखनऊ विश्वविद्यालय में बुधवार को सुबह 11 बजे कैशियर कार्यालय बंद होने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। एक छात्र ने उसमें बताया कि छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र जमा करने के लिए काउंटर बंद हैं। छात्र परेशान हैं। वीडियो का संज्ञान लेते हुए लवि प्रशासन ने काउंटर खोल दिए।

#### मिड सेमेस्टर टेस्ट पांच से

लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान विभाग ने एमएससी मिड सेमेस्टर प्रथम सेमेस्टर टेस्ट का कार्यक्रम जारी कर दिया। भौतिक विज्ञान विभाग के हेड प्रो. एनके पांडेय के अनुसार एमएससी प्रथम सेमेस्टर के मिड सेमेस्टर टेस्ट पांच से 10 जनवरी तक होंगे। समय दोपहर एक से दो बजे तक रहेगा। रसायन विज्ञान विभाग के हेड प्रो. अनिल मिश्रा ने बताया कि एमएससी फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री और एमएससी केमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर मिड सेमेस्टर टेस्ट सात से 14 जनवरी तक होंगे। समय सुबह 8.30 से 9.30 बजे तक रहेगा। कार्यदिवस के अनुसार टेस्ट के लिए शिक्षक तय किए गए हैं।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया शुरू

अमृत विचार संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय लविवि में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया बुधवार को शुरू हो गई। यह पीएचडी 2021-22 सत्र की प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने के बाद अब सत्र 2022-23 के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। विवि के मुताबिक अब तक सैकड़ों आवेदन भर कर कुछ छात्रों ने फीस भी जमा कर दी है।

लविवि ने बुधवार को पीएचडी 2022-23 सत्र को लेकर बुधवार को प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी। पीएचडी आवेदन जारी होते ही छात्र व छात्राओं ने आवेदन भी शुरू कर दिया। विवि के मुताबिक शाम तक सैकड़ों आवेदन जमा हो चुके हैं, और कुछ ने फीस भी जमा कर दी है। इसके अलावा सत्र 2021-22 की जो सीटें खाली रह गई हैं, उन्हें इस सत्र की प्रवेश प्रक्रिया में जोड़ा जाएगा।

प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया 16 जनवरी तक चलेगी। छात्र व छात्राएं आराम से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पीएचडी प्रवेश आवेदन के लिए सामान्य, ओबीसी और अति पिछड़ा वर्ग की कैटेगरी के अभ्यर्थियों को दो हजार और एससी-एसटी और दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों को एक हजार रुपए आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा।

## i-NEXT PAGE 5

### एलयू में पांच से मिड सेमेस्टर टेस्ट

LUCKNOW (28 Dec): लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान विभाग ने एमएससी मिड सेमेस्टर प्रथम सेमेस्टर टेस्ट का कार्यक्रम जारी कर दिया. स्टूडेंट्स विश्वविद्यालय की वेबसाइट से इसे डाउनलोड कर सकते हैं. भौतिक विज्ञान विभाग के हेड प्रोफेसर एनके पांडेय की ओर से जारी नोटिस के अनुसार एमएससी प्रथम सेमेस्टर के मिड सेमेस्टर टेस्ट पांच से 10 जनवरी तक होंगे.